तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मनुष्यों के साथ पशुओं व फसल के लिए भी खतरनाक है गाजर घास




11 लभांडी और दलदल सिवनी के पीएम आवासीय...




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### मेडिकल फैक्ट्री में लगी आग मशक्कत के बाद काबू

**भिलाई।** कॉट्रेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर 10 दमकल पहुचने के बाद ही मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि कॉट्रेल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर अलग-अलग जगहों से 10-12 फायर दमकल वाहन कुम्हारी पहुची। बताया जा रहा है कि घटना शाम 4 बजे की है। ग्राम अकोला में स्थित कॉट्रेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में आग लग गई थी। जैसे ही सूचना मिली तुरंत दो दमकल रवाना किया गया। फैक्ट्री में आग का कारण शार्ट सर्किट से होना बताया गया है। लेकिन जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। आग बुझाने में 15-20 कर्मी पहुचे थे। आग बढ़ जाने से रायपुर, एसीसी,जेके लक्ष्मी कंपनी समेत अन्य जगहो से दमकल वाहनों को मंगाया गया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में मेडिकल सवर्सिस में उपयोग होने वाले मास्क, सिरिंज, ग्लब्ज समेत अन्य सामान का निर्माण किया जाता है।

### 5 आरोपी और तीन अपचारी बालक पकड़ाए

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना दुर्ग कतोवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आपरोपियों के खिलाफ धारा 103, 190, 191(2), 191(3) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि 18 अगस्त को पुलिस को सूचना पर ललित जैन के घर के चौखट पास शिक्षक नगर दुर्ग में सत्तू मरकाम उर्फ सत्यवीर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर आकाश शर्मा पर प्राणघातक हमला किया। गंभीर हालत में आकाश शर्मा को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उसे श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी रेफर किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान आकाश शर्मा ने दम तोड़ दिया।

### जवानों ने बचाई जान

**भिलाई।** पेट्रोलिंग के जवानों की सतर्कता से पावर हाउस ओवर ब्रिज के ऊपर दुर्ग से रायपुर मार्ग मे एक दो पहिया वाहन चालक जो लापरवाही पूर्वक वाहन को सड़क मे खड़ा कर सोते पाया गया। हाइवे पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे जवान जितेंद्र एवं नरेंद्र यादव की पेट्रोलिंग पैनी नजर पड़ने पर दोनों युवको को उठाकर सुरक्षित छावनी पुलिस थाने छोड़ा। फिर हाईवे पेट्रोलिंग के जवानों की सूझबूझ से एक बड़ी अनहोनी होने से बचाया गया।

### डिवाइडर से टकरा कर युवक गिरा, कार की चपेट से मौत

**भिलाई।** डिवाइडर से टकरा कर युवक गिरा और पीछे से आ रही कार के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सूचना परिजनों को देने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्कूटी में सवार होकर तीन युवक आ रहे थे। इस दौरान कृष्णा रोड पर स्थित डिवाइडर से वाहन टकरा जाने से बीच में बैठा युवक नीचे गिरने से पीछे से आ रही वाहन के चपेट में आ गया। घटना में युवक की मौत हो गई। दो युवक अब भी घायल है।

## कार्रवाई : डीईओ और डाइट के प्राचार्य ने बेरला विकासखंड के स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# निर्धारित समय पर बंद मिले कुछ स्कूल, कई जगह अनुपस्थित रहे शिक्षक, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के द्वारा संयुक्त रूप से गुरूवार को बेरला विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां कई स्कूलों में शिक्षक नदारद रहे, वहीं कुछ स्कूल समय के पूर्व ही बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला बीजाभाट 3.45 बजे बंद पाया गया। इस पर शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका रामेश्वरी देवांगन और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक युगल किशोर शर्मा को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे और डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में प्रातः10:00 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संस्था में कार्यरत सभी चार शिक्षक उपस्थित मिले। शाला की दर्ज संख्या 124 है जिसमें 111 विद्यार्थी उपस्थित मिले। तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी का 10.15 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस शाला में कुल पांच शिक्षक कार्यरत है जिसमें ठाकुर राम साहू प्रधान पाठक भागवत प्रसाद साहू शिक्षक कला संकाय का एवं तोरकेश्वर देवांगन शिक्षक अंग्रेजी अनुपस्थित मिले। उक्त शाला में संकुल समन्वयक उपस्थित मिले। इसके पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव का 10:40 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शाला में दर्ज संख्या 357 में 311 विद्यार्थी उपस्थित मिले। संस्था में कार्यरत पोषण कुमार देशमुख सहायक ग्रेड 2, महेश्वरी बघेल सहायक ग्रेड 3 अनुपस्थित मिले। शाला में कार्यरत व्याख्याता भागवत प्रसाद बानी, ज्ञानेश्वरी देशलहरा, नेहा साहू व्याख्याता, वीरेंद्र टंडन व्याख्याता, अर्चना चौबे व्याख्याता, मनोज कुमार वर्मा व्याख्याता, अनुपस्थित मिले। उक्त संस्था में कुछ शिक्षक शिक्षक दैनन्दनी नहीं बना रहे हैं। और प्राचार्य के आदेश की अवहेलना भी कर रहे हैं। इस पर सभी को स्पष्टीकरण जारी किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुरमुड़ा का आकस्मिक निरीक्षण 11:40 किया गया। इस विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। संकुल समन्वयक भी उपस्थित मिले। शाला की दर्ज संख्या 238 है जिसमें 210 विद्यार्थी उपस्थित मिले।



### प्राचार्य ने की व्यायाम शिक्षक की शिकायत

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरमुड़ी का 12:00 आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शाला में कार्यरत 11 सदस्यों में 9 उपस्थित मिले। एक व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अछोली में संलग्न मिले। इस संस्था में कार्यरत मोहम्मद जावेद व्यायाम शिक्षक लगातार दो दिन से अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में प्राचार्य द्वारा बताया गया कि मोहम्मद जावेद व्यायाम शिक्षक प्रतिदिन 3 से 4 बजे आते हैं और विद्यार्थी को कोई भी खेल नहीं खेलाते। वहीं, उपस्थिति पंजी में जबरदस्ती रोज हस्ताक्षर भी करते हैं। उक्त व्यायाम शिक्षक के संबंध में मिली शिकायत की अलग से जांच कराई जा रही है।

### हाई स्कूल हरदी प्रांगण में किया पौधारोपण

शासकीय हाई स्कूल हरदी का 1 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस विद्यालय में दर्ज संख्या 100 है जिसमें 86 विद्यार्थी उपस्थित मिले। शाला में कार्यरत 10 स्टाफ सदस्यों में 8 उपस्थित मिले। आशा वर्मा व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य आकस्मिक अवकाश में मिले तथा अनीता चौबे व्याख्याता दिनांक 22 अगस्त 2024 से 31अगस्त 2024 तक अर्जित अवकाश पर मिलीं। उसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका का 1.40 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। स्टॉफ में कार्यरत 12 सदस्यों में 10 सदस्य उपस्थित मिले। तुलसी टंडन व्याख्याता वाणिज्य आकस्मिक अवकाश में मिले और प्रियंका बांधे सहायक शिक्षिका दिनांक 4 मार्च 2024 से मातृत्व अवकाश में मिलीं। शाला में दर्ज संख्या 320 है जिसमें 287 उपस्थित मिले। इस विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे और डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने पौधारोपण भी किया।

### पीएम श्री स्कूल में फंड मिलने के बाद भी अव्यवस्था, ऑडिट के निर्देश

अधिकारियों ने 3:20 बजे पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला सरदा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां कार्यरत सभी 7 शिक्षक उपस्थित मिले। हेमंत कुमार साहू प्रधान पाठक एवं बलदेव कुमार कंवर संकुल समन्वयक है। उक्त पीएम श्री स्कूल में बच्चों को मैदान में जमीन में बिना टाटपट्टी के अध्यापन कार्य करते पाया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त शाला के कैंपस में लगभग 4 फीट का जहरीले सर्प भी घूमता हुआ नजर आया। वहां के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया कि बच्चें को कमरे में और व्यवस्थित तरीके से बिठाकर अध्यापन कार्य कराया जाए। शासन द्वारा पीएम श्री स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर बजट दिया गया है। इसके बाद भी अपेक्षा के अनुरूप स्कूल स्वच्छ व सुंदर नहीं मिला। अधिकारियों ने उक्त शाला का ऑडिट करने का निर्देश दिया। संकुल समन्वयक विगत दो दिनों से उक्त शाला में ही रहे। जबकि उनको प्रतिदिन माध्यमिक शाला में जाकर तीन पीरियड अध्यापन कार्य करना है। इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे उनसे बहुत नाराज हुए और उनके संकुल का भी ऑडिट कराने का निर्देश दिया। उक्त संकुल समन्वयक के द्वारा अधिकारियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करने के कारण उनके विरुद्ध अलग से जांच कराई जाएगी और जांच संतोष प्रद प्राप्त नहीं होने पर उक्त संकुल समन्वयक को वहां से हटाया जाएगा।

## झाल में गौ-अभयारण्य का लोकार्पण करेंगे सीएम साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.प्रियंका शुक्ला जिले के झालम स्थित झाल में गौ-अभयारण्य पहुँचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित गौ-अभयारण्य के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लिया।

■ संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.प्रियंका ने तैयारियों का लिया जायज़ा

डॉ.प्रियंका ने झाल में गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपस्थित ज़िला अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक भी ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं राजेंद्र भगत, सहित ज़िला प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा, सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल हैं। उन्होंने सीईओ ज़िला पंचायत को मनरेगा में गौ-अभयारण्य और अधिक छायादार पौधे लगाने को कहा। सीईओ श्री अग्रवाल ने मंच, व्यवस्था सहित हैलीपैड, प्रवेश द्वारा, प्रदर्शनी स्थल आदि की जानकारी दी। उन्होंने सही तरीक़े से कुछ स्थानों पर और बेहतर तरीक़े से समतलीकरण कराने कहा। साफ़-सफाई, पानी की व्यवस्था और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट ने किया सीएचसी खंडसरा व नवागढ़ की लैब का निरीक्षण



**बेमेतरा।** राज्य स्तर से आये हुए एनटीईपी टीबी के अंतर्गत डबल्यू एच ओ कंसल्टेंट डॉ कृष्णा दास कश्यप ने सीएचसी खंडसरा और नवागढ़ में लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान निक्षय एनरोलमेंट, टू नाट सैंपल क्वालिटी, डाटा एनालिसीस, आवश्यक जानकारी व गाइडलाइन देने के साथ ही सीएचसी नवागढ़ में मासिक समीक्षा रिपोर्ट पर जानकारी ली। इस दौरान डबल्यू एच ओ कंसल्टेंट, बीएमओ नवागढ़, एमओ खंडसरा, बीपीएम, डीपीसी, पीएमडीटी, एसटीएस व एमएलटी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा



**बेमेतरा।** सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव की उपस्थिति में विकासखंड साजा के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सेक्टर प्रभारी, सेक्टर पर्यवेक्षक को आगामी कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सीएमएचओ डॉ ध्रुव एवं बीएमओ डॉ अश्वनी कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने कहा कि सभी विकासखंड राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अंतर्गत एल्बेन्डाज़ॉल टेबलेट ब्लॉक मुख्यालय को प्राप्त होने के बाद उपस्वास्थ्य केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं तक दवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी, नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने नगरपालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 सम्पन्न कराये जाने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली, पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्त की है।

■ कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने सौंपी जिम्मेदारी

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जागव बोटर' जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर श्री शर्मा ने नए आयोग के निर्देशानुसार 'जागव बोटर' जाबो कार्यक्रम के संचालन के लिए टेकचंद अग्रवाल, मुख्य कार्यापालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला बेमेतरा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा नगरपालिकाओं एवं जनपद पंचायतों के लिए अधिकारी को नोडल अधिकारी को नियुक्त किया है। सभी संबंधित नगरपालिका और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद नोडल अधिकारी 'जागव-बोटर' जाबो कार्यक्रम के तहत कार्ययोजना तैयार कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे तथा संक्षिप्त विवरण के साथ कार्यक्रम के फोटोग्राफ जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## बीईओ खरे ने किया मिडिल स्कूल जेवरी का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरुण कुमार खरे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरी विकास खंड बेमेतरा का औचक निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने सभी कक्षाओं का बारीकी निरीक्षण किया व बच्चों से बातचीत की। उन्होंने सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष को ध्यान में रखते हुए बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला जेवरी के समस्त स्टॉफ द्वारा चलाई जा रही एक नई पहल की सराहना की। इसके अनुसार छठवीं, सातवीं, आठवीं के पुस्तक का पाठन नहीं कर सकने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें अतिरिक्त समय देकर पुस्तक पढ़ना सिखाया जा रहा है, ताकि बच्चों को अपने कक्षागत स्तर की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई महसूस ना हो। बीईओ अरुण कुमार खरे ने कहा कि बच्चे को ज़ब उनके स्तर की शिक्षा प्राप्त होती है तो वे पढ़ने में रूचि लेते हैं, जिससे उन्हें सीखने में आसानी होती है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री रात्रे, प्रधान पाठक आरके तिवारी, शिक्षक जेआर भास्कर व शिक्षिका इन्द्राणी साहू उपस्थित रही।

## त्योहारों को लेकर अंचल में है उत्साह का माहौल, शुरुआत हलषष्ठी से

# पर्वों से भरा भादो मास, श्री कृष्ण जन्माष्टमी तीजा-पोला के साथ होगी गणेशोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भादो माह की शुरुआत होते ही लोगों के बीच उत्साह का माहौल है। यह माह श्री कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर श्री गणेशोत्सव तक पर्व से ओतप्रोत होगा। पूरे माह श्रद्धा भक्ति का वातावरण बना रहेगा। ज्ञात हो कि 20 अगस्त से भादो माह प्रारंभ हो चुका है जिसका समापन 18 सितंबर को होगा। भादो माह व्रत त्योहारों की श्रृंखला बनी रहेगी।

ज्ञात हो कि शहर में काफी उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जाता है, जहां विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है वही भगवान श्री कृष्ण प्रतिमा स्थापित एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। दही हांडी का भी शहर में भव्य आयोजनों का क्रम बना न रहता है। वहीं, श्री गणेशोत्सव पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भव्य पूजा पंडाल बना कर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की जाती है।

विशेष कर शहर में कई न स्थानों पर पूजा समितियों के द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। शहर में विसर्जन झांकी निकालने की अपनी र एक पहचान रही है। इन पर्वो को धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है ।

### 26 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी



पंचाग एवं पंडितों के अनुसार भादो में भगवान शिव की पूजा के साथ साथ श्री कृष्ण, श्री विष्णु एवं श्री गणेश की पूजा का महत्व है। इस पूरे माह में पर्व त्योहारों की श्रृंखला होने से लोगो में व्यस्तता एवं भक्ति का माहौल रहेगा। पर्व त्योहारों के तहत 22 अगस्त को कजरी तीज मनाया गया वही, हेरंब संकष्टी चतुर्थी, 24 को बलराम जयंती यानि हलषष्ठी, 26 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी, 27 को दही हांडी, 29 को अजा एकादशी, 31 को प्रदोष व्रत है।

### चतुर्थी के साथ 7 से शुरू होगा गणेशोत्सव

इसी तरह 2 सितंबर को भाद्रपद इसी अमावस्या, 6 को हरितालिका तीज, 7 को श्रीगणेश चतुर्थी, 8 को ऋषि पंचमी, 10 को ललीता सप्तमी, 11 को महालक्ष्मी व्रत आरंभ, राधा अष्टमी, 14 को पविर्तिनी एकादशी, 15 को प्रदोष व्रत वामन जयंती, 16 को विश्वकर्मा पूजा, 17 को अनंत चतुर्दशी, पूर्णिमा श्राद्ध श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं 18 सितंबर से पितृपक्ष प्रारंभ होगा।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सद्भावना का भोजली पर्व धूमधाम से संपन्न

**दुर्ग।** सद्भावना छतीसगढ़ के ग्रामीण संस्कृति आयोजन का परम्परागत भोजली पर्व गौंटिया कोठार छतौना जरहागांव में धूमधाम से मनाया गया। सदभावना महिला समिति द्वारा रंग बिरंगे पोशाक में बच्चो महिलाओं ने पूजन पश्चात रैली के रूप में बनिया तालाब में विसर्जन के लिए पहुंचे। गेहूं के पौधे को लेकर प्रेम मित्रता एवं सम्मान स्वरूप छोटे उम्र के लोग बड़े बुजुर्गो को स्वर्ण भोजली को प्रतीकात्मक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चो के बीच सद्भावना महिला संयोजिका अलका अग्रवाल के मार्गदर्शन में आशीष अग्रवाल द्वारा बच्चों को चाकलेट टॉफी प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजकमल कश्यप, गोलू कश्यप,नीलू हरिकांत अनुज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### लक्ष्य कुमार को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**पाटन।** पाटन में निवासरत गंगाराम निषाद के पुत्र लक्ष्य कुमार निषाद जो कि पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम अखरा पाटन में अध्यनरत हैं। इन्होंने पूरे दुर्ग जिला में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं, जिसके तहत इन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया, जो कि निषाद केवट समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस शानदार एवं गौरवशाली उपलब्धि के लिए साथ ही केवट निषाद समाज का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र लक्ष्य कुमार को दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बुधारू राम निषाद, सालिक राम निषाद सहित संतोष जलतारे, वीरेंद्र निषाद, खेलावन केवट, अशोक निषाद, ओमप्रकाश निषाद, संतोषी निषाद, मलेश निषाद, देवानन्द निषाद, रामेश्वर निषाद, भोज निषाद, कुलेश्वर निषाद, भीम निषाद, सुमन निषाद, हेमलता निषाद आदि ने बधाई दी।

### प्रताड़ना से पत्नी की मौत, पति गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दहेज की मांग को लेकर पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने से नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच पड़ताल के पश्चात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मृतिका नवविवाहिता 5 वर्ष पूर्व ग्राम आरगांव निवासी संदीप कुमार साहू से प्रेम विवाह की थी। विवाह के एक वर्ष बाद से नवविवाहिता के पति संदीप कुमार साहू दहेज मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित करता था, जिस पर नवविवाहिता के परिवार वाले दहेज के रूप में आरोपी को सोना-चांदी खरीदकर दिए थे, फिर भी आरोपी पति अपनी पत्नी को अपने परिवार वालों से दहेज मांग को लेकर हमेशा प्रताड़ित करता था।

स्वयं पर आग लगा ली थी

विवाहिता पुलिस के अनुसार अपने पति के दहेज मांग की बात से प्रताड़ित होकर नवविवाहिता ने 14 अप्रैल 2024 को ग्राम आरगांव में सुबह करीब साढे 8 बजे अपने ससुराल में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली, जिसे आस पड़ोस के लोगों की सहायता से ईलाज हेतु कालडा बर्न सेंटर रायपुर में भर्ती किया गया।

जहां ईलाज के दौरान नवविवाहिता की मृत्यु हो गई।

# एक लाख को मिलेगी सदस्यता, 50 को जोड़ने पर बनेंगे सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दस साल बाद भाजपा द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रनिनिधियों को पचास-पचास सदस्य जोडने टारगेट दिया गया है। जिसके बाद ही विभिन्न पदों पर जहां आसीन होगें, वहीं सक्रिया सदस्य की प्राथमिकता ले सकेगें। बहरहाल सदस्यता अभियान का आगाज शुरू किए जाने से पहले आज दुर्ग में कार्यशाला का आयोजन 22 अगस्त को किया जाएगा।

मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में भाजपा द्वारा एक लाख सदस्यों को जोडा गया था। वही प्रदेश में यह आंकडा 29 लाख है। नए सिरे से होने वाले इस अभियान में अब छोटे व बडे नेताओं को एक बार फिर सदस्यता लेनी होगी। इसके लिए जिले में 805 बूथों में यह अभियान टोली बनाकर चलाई जाएगी। पार्टी के नेताओं ने बताया कि, प्रत्येक बूथ में दो सौ सदस्य जोडने पहले ही टारगेट दिया गया है। वही जिले में जितने बूथ हैं, सदस्य भी उससे अधिक होने चाहिए। इस तरह के मापदंडों के साथ भाजपा द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने की तैयारी है।

## प्राथमिक सदस्यता बाद पचास को जोड़ने पर मिलेगा सक्रिय सदस्यता का लाभ

### ऑनलाइन होगी सदस्यता की प्रक्रिया

वर्ष 2014 में पर्ची के जरिए सदस्यता ली जाती थी। लेकिन इस बार आनलाइन प्रक्रिया के जरिए सदस्यों को जोडा जाएगा। पहले मिसकाल के आधार पर सदस्य जुडते थे। जिसमें कई तकनीकि अडचने आती थी। लेकिन इस बार पार्टी ने पुराने प्रक्रिया का संसोधन करके नए पोर्टल तैयार किया गया है। जिसके जरिए सदस्यता लेने वाले को लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक में बूथ, मंडल और जिले की पूरी जानकारी फीड है। इसके विकल्प को चुनकर फार्म फीड कर सकेगे। आनलाइन सदस्यता के बाद तत्काल आईडी भी जारी कर दिया जाएगा। पहले वैरीफिकेशन मे ही समय लग जाया करता था।




### आज कार्यशाला का होगा आयोजन

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि, प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में हुए निर्णय अनुसार 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे दुर्ग के जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला रखी गई है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव का आगमन हो रहा है। जिला सदस्यता अभियान के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि, इस कार्यशाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, दुर्ग जिले के भाजपा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### लगेगी चपत : जलगृह और गंज चौक में बनी हैं 70 से अधिक दुकानें

# तीस फीसदी छूट बंद होने से महंगी पड़ेंगी निगम की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही नगरनिगम को जलगृह काम्प्लेक्स और गंच चौक स्थित दुकानों का मालिकाना हक मिल गया है। लेकिन वर्तमान में अब इसे रजिस्ट्री कराने निगम के लिए चुनौती होगी, क्योकि पूर्व में रेट निर्धारित किए गए थे। जिसमें तीस फीसदी छूट के अनुसार रजिस्ट्री रेट तय किया गया था। लेकिन वर्तमान में रजिस्ट्री कराने पर खरीददारों को तीस फीसदी छूट के बजाय कलेक्टर दर का पूरा सौ फीसदी दर चुकाना होगा।

उल्लेखनीय हैं कि, नगरनिगम द्वारा जलगृह और गंज चौक में नजूल की जगह पर दुकान बनाए गए है। यह जमीन नजूल के नाम में होने के कारण निगम इसे बेच नही पा रहा था। लेकिन वर्तमान में कलेक्टर ने इसकी अनुमति दे दी है। इस अनुमति के बाद निगम दुकानों की नीलाम कर सकेगा। अफसरों ने बताया कि, दोनो जगह करीब 70 दुकाने बनी है। इसे बेचने का सिलसिला वर्ष 2018 से चल रहा है। अब तक इन दुकानो के लिए 8-9 बार टेंडर भी निकाला गया। लेकिन दोनो जगह सिर्फ आठ-आठ दुकान ही बिक पाए है। इन्ही खरीददारों को अगर कलेक्टर द्वारा पूर्व में अनुमति दी जाती तो तीस फीसदी छूट का लाभ मिल जाता। लेकिन सत्ता मे आई भाजपा की सरकार ने अप्रैल से रजिस्ट्री दर में तीस फीसदी छूट समाप्त कर दिया है।

## कलेक्टर की अनुमति के बाद निगम को मिला मालिकाना हक



### मिला मालिकाना हक, अब आरक्षण का पेंच

जानकारी अनुसार वर्ष 2018 से करोडों की लागत में बने दुकानों को बेचने की प्रक्रिया चल रही है। अफसरों के अनुसार इसे बिक्री करने में सबसे बडी परेशानी आरक्षण को लेकर आई है। विगत दिनों एमआईसी की बैठक में राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जिसमें आरक्षण समाप्त करने की मांग की गई है। हांलाकि राज्य शासन द्वारा इस संबंध में कोई निर्णय जारी नही किए गए है। ऐसे में निगम को भले ही मालिकाना हक मिल गया, लेकिन दुकान बेचने के लिए चुनौती का सामना करना पडेगा।

### डेढ़ दर्जन खरीददार होंगे प्रभावित

निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि, जलगृह कांम्पलेक्स और गंज चौक में दोनो जगह 8-8 दुकाने बेच दिए गए है। लेकिन निगम को नजूल की जमीन का मालिकाना हका नही मिलने से रजिस्ट्री रूकी हुई थी। लेकिन वर्तमान में निगम द्वारा नजूल जमीन के लिए राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। ऐसे में खरीददारों को मालिकाना हक देने रजिस्ट्री कराई जाएगी। जिन्हें पूरा सौ फीसदी गाइडलाइन की दर देना होगा।

### निगम की बढ़ेगी आय, होगी रौनक

हांलाकि नगरनिगम के महापौर धीरज बाकलीवाल के लगातार प्रयास के बाद नजूल की जमीन का हस्तांतरण निगम को हो गया है। दोनो जगह बने दुकानों की अगर नीलामी हो गई थी। निगम को हर साल राजस्व में करोडों रूपए की आय होगी। राजस्व के साथ ही दोनो स्थानों पर व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलने से रौनक बढेगी, वही प्रतिष्ठाने खुलने से आम लोगों को भी सहुलियत होगी।

### प्रक्रिया चल रही

जलगृह और गंज चौक की जमीन का निगम को हस्तांतरण हो चुका है। जल्द ही नीलामी के लिए प्रक्रिया तैयार की जाएगी। **-लोकेश चंद्राकर**, आयुक्त, ननि दुर्ग

# सफल क्रियान्वयन करना अधिकारियों की जिम्मेदारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हुए पर्यावरण संवर्धन के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है। राज्यपाल श्री डेका आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उक्त आशय के विचार व्यक्त किया।

■ जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सहभागिता जरूरी

राज्यपाल ने जिले में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अलावा सामाजिक हितों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से इसका लाभ जन-जन तक पहुंचता है। उन्होंने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से करने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने अधिकारियों से एजेण्डावार 20 विषयों पर विचार-विमर्श किया।

### इन योजनाओं की कलेक्टर ने दी जानकारियां

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में जल संरक्षण एवं जागरूकता, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, स्वच्छता एवं जीवनशैली, बेहतर जीवन के लिए योग, टी.बी. उन्मूलन, लिंग अनुपात एवं बालिका शिक्षा, अनाथ बाल श्रम शिक्षा, एकीकृत पुस्तकालय, सामाजिक एवं नैतिक विकास, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक विरासत, असहाय एवं परित्यक्त वरिष्ठ नागरिक, भिखारियों का पुनर्वास, एसएचजी आजीविका, नशा-मुक्ति एवं दुरुपयोग मुक्त नशा, सहकारिता संवर्धन, आदिवासी एवं वनवासी विकास, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं प्रवर्तन, रेड क्रॉस सोसायटी की उपलब्धियों के संबंध में पॉवर पांइट प्रेसेन्टेशन के माध्यम से महामहिम को अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा सामाजिक हितों पर किए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ जिले की विकासात्मक गतिविधियों से भी अवगत कराया। बैठक में संभागायुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर परदेशी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# 24 अगस्त के धरना प्रदर्शन में हजारों लोग होंगे शामिल : वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग की बैठक राजीव भवन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष गया पटेल मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद कीउपस्थिति में हुई। बैठक में 24 अगस्त को 11 बजे हिंदी भवन के सामने होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन के संबंध में चर्चा हुई।

■ मध्य ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

अरुण वोरा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज है तब से प्रदेश की जनता के ऊपर कहर ढा रही है। विधायक देवेंद्र यादव को जिस तरह से षड्यंत्र रचकर झूठे केस लगाकर फंसाया गया है यह ही निंदनीय है और तानाशाही है हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार अपने मूल उद्देश्यों से भटकर विकास को भूल गई है आज किसान परेशान है युवा रोजगार मांग रहा है



रोजगार नहीं मिल रहा है महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और सरकार कुंभकरणीय नींद में सोई हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में होने वाले धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कांग्रेसी शामिल होकर भाजपा सरकार का विरोध करेंगे। बैठक में एमआईसी मेंबर पार्षद भोला महोबिया, नजहत परवीन, श्रद्धा सोनी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, सरिता ताम्रकार, रानी देवांगन, पूर्व पार्षद अशोक कल्याण सिंह ठाकुर, अनीश रज़ा, पाशी अली, रामरतन जलतारे, गणेश सोनी, नवाब एजाज चौहान, डोमार सिंह राजपूत, वहीद चौहान, दिनेश बेलचंदन, थानेश्वर साहू, समयलाल साहू, अली असगर, रामरतन जलतारे, शत्रुघन चक्रधारी, जगमोहन ढीमर उपस्थित थे।

# अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गई है। उपसंचालक रोजगार राजकुमार कुर्रे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग में 43, पाटन-13, धमधा-8 आवेदक प्रशिक्षण के पहले दिन उपस्थित हुए। रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में एनआईएस कोच विनोद नायर, पीटीआई बालकदास डाहरे, पाटन में ललित साहू, भवानी शंकर तथा धमधा में दुष्यंत महोबिया, शिवकुमार रजक द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा पास कर ली है वे प्रशिक्षण के लिए अपने विकासखण्ड मुख्यालय स्थान रविशंकर स्टेडियम दुर्ग कॉलेज मैदान सिरनाभाठा धमधा खेल मैदान रेस्ट हाउस के पीछे पाटन में प्रातः 06 बजे उपस्थित हो सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र, परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति तथा 1 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ प्रशिक्षक के पास जमा करना होगा।

# पश्चिम बंगाल की घटना पर जताया आक्रोश आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई विभत्स घटना से पूरा देश आहत है हर जगह विरोध प्रदर्शन और बलात्कारी हत्यारों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरा देश एकजुट होकर सरकार से गुहार लगा रहा है। इसी कड़ी में आरआरएस की सहयोगी संगठन दुर्ग जिला मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छात्र एवं मदरसा के जिला अध्यक्ष खालिक रिजवी द्वारा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच छात्र मदरसा के सदस्यों के साथ इंदिरा मार्केट में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष खालिक रिजवी ने कहा कि बलात्कार के आरोपियों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाना चाहिए और जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि इस तरह के घृणित कार्य करने वालों को सबक मिले।

■ ऐसे घृणित कार्य करने वाले को मिले कड़ी सजा



नारी के सम्मान के लिए जाना जाने वाला भारत देश जहां नारी को देवी का रूप माना जाता है ऐसे में इस तरह के घृणित कार्य करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने आक्रोश के साथ सरकार से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और ट्रेनी डॉक्टर को इंसाफ मिले। विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन में खालिक जिलाध्यक्ष मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, मीर अबरार, अरमान आलम, इमरान, इसराइल पवार, अंग्गू, साजिद खान, नौशाद कुरैशी, चीनी, नईम जफर, अलताफ खोखर, सोहेल, अनवर तबरेज खान खोखर, राजा, हसन पवार, सद्दाम चौहान, जावेद खोखर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### शिक्षक संगठनों ने डीपीआई, मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्कूल शिक्षा विभाग में वर्तमान में प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश को लेकर शिक्षक संगठन खुलकर सामने आ गए है। संगठनों ने विगत दिनों राज्य शासन को ज्ञापन देकर विभिन्न विसंगतियों की जानकारी दी है। बहरहाल युक्तियुक्तकरण को लेकर पनपे आक्रोश के कारण संगठनों ने 22 अगस्त को फिर से राज्य शासन के नाम ज्ञापन सौंपेगें।

■ आज फिर से राज्यशासन को सौंपेंगे ज्ञापन

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने कहा है कि, निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण किए जाने की स्थिति में शिक्षा सत्र के मध्य में भारी अव्यवस्था व अनिश्चितता अवश्यंभावी है। शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि यद्यपि हमारा संगठन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की शासन की पहल का पक्षधर है। परन्तु वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण दिशानिर्देश और प्रक्रिया पूरी तरह से राजपत्र भर्ती पदोन्नति नियम 2019 व 2008 सेटअप तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति व शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। अतः संदर्भित निर्देशानुसार प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण को अविलंब स्थगित किया जावे, निर्देशों व प्रकिया की समीक्षा की जावे तथा संबंधित पक्षों से बातचीत कर सर्वसम्मति से समाधान निकाला जावे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि, एकजुटता से परिस्थितियों का सामना करने, विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर मोर्चा निर्माण कर समाधान के समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सभी शिक्षक, कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता प्रदान करने की अपील करते हैं।




### आज संगठन के नेता देगें ज्ञापन

युक्तियुक्तकरण को लेकर विभिन्न संगठनों ने 22 अगस्त को डीईओ व कलेक्टर को राज्य शासन के नाम ज्ञापन देगें। ज्ञापन में युक्तियुक्तकरण की विसंगति दूर करने की मांग करेगें। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि, ज्ञापन के बाद भी अगर गंभीरता नही दिखाई गई तो आगे चरणबध्द तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### इन समस्याओं को गिनाया

प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा द्वारा शालेय शिक्षक संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी तथा **DPI** संचालक दिव्या उमेश मिश्रा से मिलकर ज्ञापन के जरिये युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों व समस्याओं तथा सुझाव को उनके संज्ञान में लाया गया। जिसमें भर्ती, पदोन्नति, स्थानांतरण व प्रतिनियुक्ति में पदस्थापना के लिए सेट-अप, विषय व पद रिक्तता का ध्यान नहीं रखा गया। यहां तक की शिक्षक पद के लिए विषय के बंधन को भी समाप्त कर दिया गया। पदस्थापनाओं में निरंकुशता के चलते पिछले दिनों तात्कालीन शिक्षा मंत्री पर भी उंगली उठी तथा शिक्षा मंत्री भी बदले गए। इसी क्रम में चार संभागीय संयुक्त संचालक व अनेक अधिकारी कर्मचारी निलंबित भी हुए थे। इसके आलावा अन्य बिन्दुओं की भी जानकारी दी गई।

# जमीन बिक्री धोखाधड़ी मामले में नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला स्थित जमीन बिक्री की धोखाधड़ी के एक मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित पदम जैन आ0 ज्ञानमल जैन गवलीपारा दुर्ग द्वारा राकेश जैन आ0 नेमीचंद जैन, प्रीतिबाला जैन ध.प. राजकुमार जैन, रोहितराज मोदी आ0 राजकुमार मोदी विद्युत नगर दुर्ग एवं जगदलपुर निवासी से पोटियाकला स्थित भूमि का बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादित किया गया था। बाद में गवाह रोहितराज मोदी द्वारा उसी जमीन का आम मुख्तयार राकेश जैन एवं प्रीतिबाला जैन से प्राप्त करते हुए पदम जैन को बिक्री न करते हुए अन्य 10 व्यक्तियों को छलपूर्वक बिक्री कर दिया गया। सिटी कोतवाली दुर्ग में धोखाधड़ी की एक लिखित शिकायत की गई। मामले में कार्यवाही नहीं किए जाने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई। उसके बाद भी प्रथम सूचना दर्ज नहीं होने पर दुर्ग न्यायालय में आवेदन पत्र प्रथम सूचना दर्ज करने के लिए प्रस्तुत किया गया। जिसे निरस्त करने के बाद पीड़ित अधिवक्ता नीरज चौबे के माध्यम से उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत की गई। रिट याचिका स्वीकार करते हुए उक्त घोखाधड़ी के मामले में संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया गया है।

■ पीड़ित ने कोर्ट में लगाई थी न्याय के लिए याचिका

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ी फिल्म जवानी जिंदाबाद 23 को होगी प्रदर्शित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म जवानी जिंदाबाद 23 अगस्त को राजधानी के श्याम छबिगृह सहित प्रदेशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। युवाओं पर केन्द्रित इस फिल्म में रोमांस और कामेडी का तड़का दर्शकों को लुभायेगा। रायगढ़ और रायपुर में इस फिल्म की शूटिंग की गई है। 8 गानों से सजी फिल्म में प्रमुख कलाकार हैं, आकाश सोनी, लक्षित झांजी, ज्योत्सना ताम्रकार और सुमन पटनायक। निर्माता राधेश्याम चौधरी और निर्देशक गंगासागर पंडा की इस फिल्म में छालीवुड के मशहूर कलाकार पुष्पेंद्र सिंह, संजय महानंद, हर्षवर्धन पटनायक और पूरन किरी अनोखे किरदार में नजर आयेंगे। विलेन के रूप में लवनीत सिन्हा धूम मचाएंगे। फिल्म के निर्देशक गंगासागर पंडा ने पत्रकारों से चर्चा में बताया, इस बार हमने कॉमेडी जॉनर लिया है। यह फिल्म हंसी मजाक के साथ गहरा संदेश भी देगी। आजकल एजुकेशन पर यूथ का फोकस कम रहता है। कई तरह के एडिक्शन के कारण युवा भटक जाते हैं। वहीं, कुछ युवा ऐसे भी हैं, जिनके पास संसाधन नहीं होते, लेकिन उनका रुझान पढ़ाई में रहता है। हमारी फिल्म में दोनों तरह के युवाओं की साइकोलॉजी दिखाई गई है। विदित हो, इससे पहले गंगासागर ने वैदेही बनाई थी, जिसे खूब सराहा गया।

### एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह 24 को

**रायपुर।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 24 अगस्त को किया जा रहा है। सिटीजन स्कूल बजरंगनगर आमापारा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कारी तालाब गार्डन आमापारा में सुबह 10 बजे से होगा। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर व सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी ललिता मेहर, एएसपी ममता देवांगन, जोन 7 कमिश्नर प्रीति सिंह सहित अन्य शामिल होंगी। कार्यक्रम में पूर्व भारतीय सैनिक एवं कारगिल योद्धा विजय डागा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### पुजारी पार्क से टैगोर नगर तक सड़क के दोनों ओर पौधारोपण



**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित पुजारी पार्क से टैगोर नगर मार्ग को हरा-भरा रखने बुधवार को सघन पौधारोपण किया गया। संभाग आयुक्त महादेव कावरे, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर अलग-अलग प्रजाति के पौधों का रोपण किया। टैगोर नगर गुलाब बाबा मंदिर के दोनों तरफ और पुजारी पार्क से टैगोर नगर चौक पर्यावरण संरक्षण के लिए करीबन 12 से 15 फीट ऊंचाई वाले कचनार, नीम, बादाम के पौधों का रोपण करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# शास्त्री बाजार के चार मंजिला व्यावसायिक काम्प्लेक्स की 84 दुकानों के लिए नहीं आए खरीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



शास्त्री बाजार में 17 करोड़ की लागत से नवनिर्मित चार मंजिला व्यावसायिक परिसर की दुकानों के लिए नगर निगम को खरीदार नहीं मिल रहे। 84 दुकानों के लिए बाजार विभाग द्वारा निविदा निकाले गये टेंडर के 10 दिन बाद भी इन दुकानों को कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर अब नगर निगम इसके लिए सेकेंड कॉल करेगा। भूतल की एक दुकान 33 लाख रुपये, प्रथम तल की दुकान 24 लाख रुपये और द्वितीय तल की दुकान का रेट 21 लाख, तृतीय तल की दुकान का 18 लाख रुपये प्रीमियम की राशि रखी गई है। इसके अलावा निर्धारित राशि का 2 फीसदी रकम किराए के रूप में देय होगी। दरअसल, नगर निगम की दुकानों में आरक्षण प्रक्रिया और दरों को लेकर बाजार उत्साह नहीं दिखा रहे। शास्त्री बाजार के नये व्यावसायिक परिसर में 84 दुकानों के आवंटन को लेकर बाजार विभाग ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रिया से टेंडर में आवेदन मंगाये। प्रथम बार किये गये इन दुकानों के टेंडर होने के 10 दिन बाद भी इन दुकानों को लेने खरीददारों ने रिस्पांस नहीं दिया। 21 अगस्त को निविदा भरने के आखिरी दिन कमोबेश यही स्थिति बनी रही। ऐसे में अब बाजार विभाग इसके लिए सेकेंड कॉल करेगा।

#### नई किराया नीति तय करने भेजा है प्रस्ताव

नगर निगम की खाली पड़ी दुकानों को किराये पर देने के लिए नई किराया नीति तय करने राज्य शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है। शासन स्तर पर मंजूरी लंबित है।

- **एजाज ढेबर,** महापौर, नगर निगम रायपुर

## सालों से खाली पड़ी 106 दुकानें, किराए पर देने भाड़ा तय नहीं

शहर के अलग-अलग लोकेशन पर नगर निगम 100 से अधिक दुकानें सालों से खाली पड़ी है। इन दुकानों को 30 साल की लीज पर देने नगर निगम ने पूर्व में कई बार टेंडर किया, पर आफसेट रेट ज्यादा होने और प्रीमियम की अमानत राशि को देखते हुए ज्यादातर लोगों ने रिस्पांस नहीं दिया। नेताजी सुभाष स्टेडियम के भूतल पर निर्मित 4 दुकानें ऐसी है जिसके लिए 12 वीं बार निविदा आमंत्रित करने की नौबत आई। आरक्षण रोस्टर के हिसाब से इनमें से 2 दुकान अनारक्षित है, इसी तरह 1 दुकान अनुसूचित जनजाति और 1 दुकान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रखा गया है। दुकान की आफसेट दर 20 लाख से ज्यादा है। साथ ही प्रीमियम राशि का 25 फीसदी रकम अमानती राशि के रूप में जमा करना होगा। इसी तरह जवाहर बाजार में दर्जन भर से ज्यादा बड़े साइज के हॉल दूसरे व तीसरे माले में खाली पड़े हैं। जिसके लिए नगर निगम ने अब तक 12 बार निविदा निकाली इसके बाद भी व्यापारियों ने प्राइम लोकेशन के हॉल को लेने उत्साह नहीं दिखाया। हॉल का आफसेट रेट औसतन 1 करोड़ से भी ज्यादा रखा गया है। इसके साथ ही मोहबा बाजार, अग्रसेन मंगलम के बाजू में स्थित 9 दुकानें सालों से खाली है। कंकाली अस्पताल व्यावासयिक परिसर,जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग, गांधी मैदान कांजी हाउस के पास स्थित दुकानों के लिए 13वीं बार टेंडर निकाला गया। नगर निगम की 100 से अधिक खाली दुकानों से हो रहे लगातार नुकसान को देखते हुए महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने सामान्य सभा में इन दुकानों को किराये पर देने का प्रस्ताव पारित राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। पर शासन स्तर पर किराये पर देने भाड़ा तय नहीं हो पाया है।

## मोवा स्थित जोन 9 दफ्तर के सामने धरना, जमकर नारेबाजी की

**रहवासियों ने किया जोन दफ्तर का घेराव**

# लभांडी और दलदल सिवनी के पीएम आवासीय परिसर में पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज में प्रधानमंत्री आवासीय परिसर और दलदल सिवनी के पीएम आवास में रहने वाले लोगों ने पानी की समस्या को लेकर बुधवार को जोन दफ्तर का घेराव किया। इस मौके पर महिलाओं ने जोन दफ्तर के सामने खाली मटकी फोड़कर विरोध जताया। उनका कहना है, लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 परिसर में 500 परिवार रहते हैं। इनकी प्यास बुझाने पहले जोन से 8 टैंकर पानी की व्यवस्था की जाती थी, पर किराये के टैंकर को बंद कर अब सिर्फ 5 पानी टैंकर भेजा जा रहा है, जो बहुत कम है। पिछले 3 माह से पानी की समस्या बनी हुई है। लभांडी और दलदल सिवनी क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में पानी की समस्या से रहवासी त्रस्त हैं। निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं होने पर भुक्तभोगियों ने जोन दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले ही लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में सीवरेज का गंदा पानी बोरवेल में रिसकर जाने से 100 लोग डायरिया से पीड़ित हुए। तब नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर प्रभावित इलाके में निगम ने एटीएम वाटर मशीन लगवाई, पर यह मशीन 3 माह चलने के बाद खराब हो गई। इसे आज तक सुधारा नहीं गया। इससे इलाके में पानी की किल्लत बनी हुई है। क्षेत्र के रहवासी सूरज यादव का कहना है, पानी की समस्या दूर करने जोन कमिश्नर से लेकर निगम आयुक्त तक शिकायत की गई। इसके बाद भी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

#### नया बोरवेल कराएंगे

दलदल सिवनी और लभांडी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासीय परिसर में पानी की दिक्कत हो रही है। रहवासी इस बात को लेकर जोन दफ्तर आए थे, पानी की समस्या दूर कराने नया बोरवेल खनन कराया जाएगा। इस संबंध में मुख्यालय के विभागीय अधिकारी को अवगत करा दिया है।

- **संतोष पांडे,** कमिश्नर जोन 9, नगर निगम रायपुर

# अमर पारवानी कैट के दूसरी बार वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नागपुर में हुई चुनाव के लिए बैठक, देशभर के सभी राज्यों से पदाधिकारी हुए शामिल

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का नागपुर में चुनाव बैठक हुई। इसमें व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा के बाद पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। देशभर के सभी राज्यों से आए पदाधिकारियों ने अमर पारवानी को कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किया। यह दूसरा मौका है जब चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। श्री पारवानी ने बताया कि नई टीम का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन होने पर कैट के चेयरमैन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव, परमानंद जैन, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, वासु माखीजा, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन और कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बधाई दी है। अमर पारवानी ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर कैट का नागपुर में चुनाव बैठक हुई। इसमें पदाधिकारियों के निर्वाचन में पूरे देश के सभी राज्यों से पदाधिकारियों ने भाग लिया। चुनाव अधिकारी सीए निखिलेश ठक्कर ने सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच कर निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की। इसके बाद नई टीम की घोषणा की गई। इसमें बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन बीसी भरतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव, अमर पारवानी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जितेंद्र गांधी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा व्यापारी हित में किये जा रहे कार्यों को ध्यान में रखते हुए चौथी बार कैट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

# पहली पसंद रायपुर-बिलासपुर, जोखिम से बचने ज्यादा मेडिकल कालेजों का आप्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए चिकित्सा छात्रों की पहली पसंद रायपुर और बिलासपुर मेडिकल कालेज है। एडमिशन के दौरान किसी भी तरह के जोखिम से बचने के लिए छात्रों द्वारा ज्यादा से ज्यादा कॉलेजों का आप्शन लिया जा रहा है। एमबीबीएस और बीडीएस एडमिशन के लिए अब तक तीन हजार से ज्यादा लोगों ने अपना पंजीयन कराया है। छत्तीसगढ़ में मेडिकल की पढ़ाई के लिए चिकित्सा छात्रों की प्राथमिकता रायपुर का पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज है। प्रवेश के लिए पंजीयन के दौरान 95 प्रतिशत छात्रों के च्वाइस फीलिंग के आप्शन में पहला नाम इसी कालेज का होता है। इसके बाद बिलासपुर के सिम्स को प्राथमिकता दी जाती है और तीसरे चौथे नंबर पर राजनांदगांव, अंबिकापुर जैसे अन्य कालेज आते हैं। काउंसिलिंग के लिए पंजीयन के दौरान पसंदीदा कालेजों की सीटें फुल होने पर दिक्कतें ना हो, इसके लिए छात्र-छात्राओं द्वारा ज्यादा से ज्यादा कालेजों के विकल्प दर्ज किया जा रहा है। राज्य में मेडिकल और डेंटल के शासकीय और निजी कालेजों में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके लिए नीट में सफल छात्रों के पंजीयन और कालेजों के च्वाइस फीलिंग कर लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पंजीयन 24 और च्वाइस फीलिंग लॉक करने की अंतिम तारीख 25 अगस्त निर्धारित है। अब तक तीन हजार से ज्यादा लोगों ने प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अपना पंजीयन कराया है।

#### ज्यादा से ज्यादा विकल्प लें

पसंदीदा कालेज में एडमिशन नहीं मिलने पर दूसरे कालेजों का विकल्प रहना चाहिए। छात्रों को पंजीयन के दौरान ज्यादा से ज्यादा ऑप्शन लेना चाहिए जिससे उनकी पढ़ाई में किसी तरह की बाधा ना होगा।

- **डॉ. यूएस पैकरा,** संचालक, चिकित्सा शिक्षा

#### नीट टॉपर को रायपुर कालेज

सूत्रों के अनुसार नीट के परीक्षा में छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में आने वाले छात्रों को रायपुर मेडिकल कालेज का आवंटन प्राप्त होगा। इसके बाद मेरिट सूची के आधार पर अन्य शासकीय और निजी कालेजों में सीटों का आवंटन किया जाएगा। सूत्रों की मानें, तो पहले राउंड में रायपुर-बिलासपुर के मेडिकल कालेज की 70 फीसदी सीटों पर एडमिशन का काम पूरा हो जाएगा। काउंसिलिंग की प्रक्रिया चार राउंड की काउंसिलिंग के माध्यम से पूरी की जाएगी।

#### घर के नजदीक कालेज भी पसंद

सूत्रों का कहना है कि रायपुर-बिलासपुर के सहित कुछ कालेजों के बाद चिकित्सा छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए उन कालेजों को पसंद करते हैं जो उनके घर के नजदीक हो। इसके साथ ही कुछ सीमित वर्ग के छात्रों द्वारा पढ़ाई के लिए निजी मेडिकल कालेजों को भी प्राथमिकता में रखा जाता है। निजी के साथ पिछले दो साल में खुले नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की सीट को भरने के लिए काउंसिलिंग कमेटी को मशक्कत करनी पड़ती है।

# रायपुर में बंद का मिलाजुला असर, दोपहर बाद सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एससी, एसटी आरक्षण कोटे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर भीम आर्मी सहित कई संगठनों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के साथ रायपुर बंद का आव्हान किया। राजधानी में बंद का मिलाजुला असर रहा। बंद को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों के साथ संवेदनशील स्थानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों पर सुबह से पुलिस की तैनाती की गई थी। गौरतलब है कि बंद को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने समर्थन देने से इंकार कर दिया था। चैंबर ऑफ कामर्स द्वारा बंद को समर्थन नहीं दिए जाने की स्थिति में बंद आयोजकों और कारोबारियों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सुबह 11 बजे तक जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, एमजी रोड में बंद का असर देखा गया। बंद आयोजकों के लौटने के बाद कारोबारियों ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोल दिए।

#### पेट्रोल पंप, शराब दुकानें खुली रहीं

*बंद का असर पेट्रोल पंप के साथ ही शराब दुकानों में देखने को नहीं मिला। पेट्रोल पंप तथा शराब दुकानें सामान्य दिनों की तरह संचालित होती रहीं। शराब दुकान में प्रदर्शनकारी किसी तरह से कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएं, इस बात को ध्यान में रखते हुए शराब दुकान के आसपास पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।*

#### सुबह से घूमते रहे प्रदर्शनकारी

*बंद का आव्हान करने वाले सुबह से ही बाइक में घूम घूमकर कारोबारियों से अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद करने अपील कर रहे थे। जिस रास्ते से प्रदर्शनकारी जाते थे, उस मार्ग में कारोबारी जरूर कुछ देर के लिए दुकान बंद कर देते थे। प्रदर्शनकारियों के जाने के बाद दुकान खोल लेते थे। बंद को लेकर किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।*

#### बसस्टैंड बंद से बेअसर

*इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बंद का किसी भी तरह से कोई असर देखने को नहीं मिला। इंटर स्टेट बस टर्मिनल में चाय नास्ता की दुकान लगाने वालों ने जरूर कुछ घंटे दुकान नहीं लगाई, बाद में सामान्य दिनों की तरह कामकाज हुए। इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्री बसें सामान्य दिनों की तरह आवाजाही करती रहीं।*

#### शैक्षणिक संस्थानों में भ्रम की स्थिति

*बंद को लेकर वहीं शैक्षणिक संस्थानें बंद रहीं, जिन्होंने बंद के पूर्व अपने शैक्षणिक संस्थान बंद रखने की घोषणा की थी। इसके साथ ही ऐसे शैक्षणिक संस्थान जो पूर्व में किसी भी तरह से बंद की घोषणा नहीं की थी, वह सभी शैक्षणिक संस्थानें खुली रहीं। विधानसभा मार्ग की ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानें बंद रहीं।*

# 4 महीने से नगर निगम की सामान्य सभा नहीं, भाजपा पार्षद दल सभापति से मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में जल्द सामान्य सभा बुलाने की मांग के लिए सौंपेंगे पत्र

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे से मुलाकात करेगा। नगर निगम की सामान्य सभा जल्द बुलाये जाने की मांग को लेकर सभापति को पत्र सौंपा जायेगा। रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में हो रही देर को लेकर विपक्ष नेता प्रतिपक्ष के साथ मिलकर निगम सभापति प्रमोद दुबे से जल्द मुलाकात करेगा। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने हरिभूमि को बताया कि शहरी विकास से जुड़े अहम मुद्दों को सदन में उठाने नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक नियमतः हर 2 माह में आयोजित होना जरूरी है, पर महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद द्वारा 4 माह के बाद भी नगर निगम की सामान्य सभा अब तक नहीं बुलाई गई, जबकि दिसंबर में नगरीय निकाय चुनाव प्रस्तावित है। ऐसे में भाजपा पार्षद दल सामान्य सभा बुलाने की मांग करने सभापति प्रमोद दुबे से मुलाकात कर पत्र सौंपेगा। उनका ये भी कहना है एक तरफ महापौर धड़ाधड़ एमआईसी की बैठक बुला रहे हैं। वहीं 70 पार्षदों को शहर विकास से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने का मौका नहीं दे रहे। इससे शहर विकास से जुड़े एजेंडे पर चर्चा नहीं हो पा रही है। इसीलिए बिना देर किये नगर निगम की सामान्य सभा की तारीख जल्द घोषित करने निगम सभापति को भाजपा पार्षद दल पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपेगा।




**न्यायालय तहसीलदार, बेमेतरा के न्यायालय मे मामला**
**क्रमांक: 202408230600030**
ब- 121 सन:- 2023 2024
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
प.ह.न. 00038 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -संतोष कुमार,
अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक संतोष कुमार पिता कामता निवासी ग्राम जेवरी तहसील व जिला बेमेतरा ने इस न्यायालय के समक्ष अपने माता सुखबती पति स्व. कामता साहू की मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया है जिसका मृत्यु दिनांक 19/08/2004 को स्थान ग्राम जेवरी में होना और भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाना बताया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 29/08/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। किसी भी एक प्रचलित दैनिक समाचार पत्र में इश्तहार का पेपर प्रकाशन हो।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर PARMANAND BANJARE
तहसीलदार, बेमेतरा

### हाईवा की चपेट में आने से दो स्कूली छात्रों की मौत

रायपुर/आरंग। आरंग थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा में दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई। छात्र बाइक से स्कूल जाने के लिए निकले थे। इस दौरान दोनों छात्र तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आ गए। एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे छात्र ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवा को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक उमतेरा निवासी 17 वर्षीय छात्र रूपेश साहू तथा 16 वर्षीय धीरज सेन पल्सर बाइक में सवार होकर तोरला स्थित हाईस्कूल जा रहे थे। रूपेश 10वीं तथा धीरज नौवीं का छात्र था। पुलिस के अनुसार हाईवा के साथ बाइक की रफ्तार काफी ज्यादा थी। छात्र ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान बाइक ट्रक से टकरा गई और दोनों छात्र बाइक से गिर गए।

### हाई ब्लड प्रेशर को न करें अनदेखा : डॉ. जैन

**रायपुर।** हाई ब्लड प्रेशर, जिसे सामान्य भाषा में हाईपरटेंशन भी कहा जाता है एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसका प्रभाव शरीर के बाकी अंगो के अलावा मुख्य रूप से हृदय एवं मस्तिष्क में होता है, हाई ब्लड प्रेशर मुख्य रूप से हृदय की मांसपेशियों पर प्रभाव डालता है जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। हाई ब्लड प्रेशर से मस्तिष्क की धमनियां भी कमजोर हो जाती है। जिससे ब्रेन स्ट्रोक का भी खतरा बढ़ जाता है। ये बातें उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जिनेश जैन ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि हाई ब्लड प्रेशर को अनदेखा नहीं करना चाहिए, ब्लड प्रेशर की नियमित जांच जरूरी है जैसे बीपी नापना। ईसीजी में किसी भी प्रकार के परिवर्तन में इको या टीएमटी की जांच करानी चाहिए। ज्यादा बीपी वाले मरीजों को प्रतिदिन दवाईयों का सेवन करना चाहिए एवं भविष्य में होने वाले किसी भी प्रकार की हृदय रोग की समस्या से बचा रहना चाहिए। उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ विनोद सिंह ने कहा कि हमे गर्व है कि रायपुर की जनता के लिए हमने उच्चस्तरीय हृदय रोग सेंटर स्थापित किया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# मनुष्यों के साथ पशुओं व फसल के लिए भी खतरनाक है गाजर घास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा द्वारा अधिष्ठाता डॉ. आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में गाजर घास उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सदस्य विज्ञान के अतिथि शिक्षक डॉ. हेमंत कुमार जांगड़े ने छात्र-छात्राओं को बताया कि गाजर घास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस) जिसे कांग्रेस घास, सफेद टोपी गाजरी, चटक चांदनी आदि नामों से जाना जाता है, एक विदेशी आक्रामक खरपतवार है। भारत में यह सर्वप्रथम 1956 में महाराष्ट्र के पुणे में देखा गया था। वर्तमान में यह भारत में लगभग 35 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर फैल चुका है। यह एक वर्षीय शाकीय पौधा है, जिसकी लम्बाई लगभग 1.5 मीटर से 20 मीटर तक हो सकती है। इसकी पत्तियाँ गाजर की पत्ती की तरह दिखाई देती है। प्रत्येक पौधे से लगभग 5000 से लेकर 25000 तक अत्यंत सूक्ष्म बीज पैदा होते हैं। ये जमीन पर गिरने के बाद नमी पाकर अंकुरित हो जाते हैं। गाजर घास अपना जीवन चक्र 3-4 माह में पूरा कर लेता है।

**संपर्क में आने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा:** मनुष्य का इस घास के लगातार संपर्क में आने से चर्म रोग, बुखार, एलर्जी, एक्जिमा एवं दमा जैसी गंभीर बीमारियों हो जाती हैं। पशुओं द्वारा इसे खाने से पशुओं में अनेक प्रकार के रोग पैदा हो जाता है तथा दूध के उत्पादन में कमी आ जाती है।

## कृषि महाविद्यालय, साजा में चलाया गया गाजर घास उन्मूलन जागरूकता अभियान

### फूल आने से पहले उखाड़कर जलाना बेहतर उपाय



अभियान के दौरान गाजर घास के समेकित तरीके से प्रबंधन करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा उनको बताया गया कि इस खरपतवार को फूल आने से पहले हाथ से उखाड़कर इकट्ठा करके जला देने या इसका कम्पोस्ट बनाकर नियंत्रित कर सकते हैं। शिक्षक ने छात्र-छात्राओं को सचेत करते हुए बताया कि गाजर घास को हाथ से उखाड़ते समय हाथ में दस्ताने, चेहरे पर मास्क तथा पूरा शरीर ढका होना चाहिए। गाजर घास को रासायनिक विधि से नियंत्रण करने के लिए मेट्रिब्युजिन (0.3-0.5 प्रतिशत), 24-डी (1-1.5 प्रतिशत) कृषित क्षेत्रों में तथा अकृषित क्षेत्रों में ग्लाइफोसेट (1-1.5 प्रतिशत) का उपयोग करना चाहिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. कमलनारायण कोशले ने बताया कि जैविक विधि से प्राकृतिक शत्रु कीट में मेक्सिकन बीटल (जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा) को ग्रसित स्थानों में छोड़कर व प्रतिस्पर्धी वनस्पतियों जैसे चकौड़ा, जंगली चौलाई आदि से नियंत्रित किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक डॉ. रोहित, डॉ. दयानंद नवरंग, डॉ. रेवेन्द्र साहू, नूतन लाल देवांगन, डॉ. अंजली वर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ईडी के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस का आज प्रदर्शन

**रायपुर।** ईडी द्वारा केंद्र सरकार के इशारे पर देशभर में की जा रही राजनैतिक कार्रवाईयों के विरोध में कांग्रेस देश के सभी राज्यों में ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में ईडी दफ्तर के बाहर कांग्रेसी धरना देकर ईडी को चेतावनी देंगे कि वह अपनी संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन न करे। कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करके जांच एजेंसी को आईना दिखायेगी। मोदी सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों को भाजपा का अनुषांगिक संगठन बना कर रख दिया है। विपक्ष को परेशान करने का षड़यंत्र ईडी का मुख्य काम बन गया है।

### दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस ने बनाया जांच दल

**रायपुर।** रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के ग्राम कसाईपाली में दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस ने जांच दल का गठन किया है। सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े को कमेटी का संयोजक नियुक्त करते हुए 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। इसमें विधायक विद्यावती सिदार, चातुरी नंद, कविता प्राण लहरे और अरुण मालाकार को सदस्य बनाया गया है। जांच समिति पीड़ित के परिजनों से मुलाकात कर सौंपेगी रिपोर्ट।

### श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण 31 दिसंबर तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### इंटर स्टेट अंडर-19 वन डे क्रिकेट जीता छत्तीसगढ़ ने

**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी की ओर से इंटर स्टेट अंडर-19 वन डे क्रिकेट टुर्नामेंट 21 अगस्त से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच बुधवार 21 अगस्त को पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम बी के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 292 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से साहिल रजत शरीफ ने 64 रन बनाये। साथ ही कप्तान उपेन्द्र यादव ने 57 रनों का योगदान दिया।

### योग में हुनर दिखाया नौजवानों ने

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के मंडल मुख्यालय रायपुर मे 47 वी अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल योग प्रतियोगिता डब्लूआरएस रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन मे जारी है । इस प्रतियोगिता को उम्र के अनुसार 18-21 वर्ष, 22-25 वर्ष, 26-30 वर्ष, 31-35 वर्ष, 36-45 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र की 06 श्रेणियों में रखा गया है ।

## आयोजन : विज्ञान शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर का डाइट प्राचार्य ने किया शुभारंभ

# विद्यार्थी करके सीखने में अधिक रुचि लेते हैं, विज्ञान में प्रायोगिक कार्य पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा





जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में डाइट बेमेतरा में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर की। तत्पश्चात प्रशिक्षण प्रभारी कीर्ति घृतलहरे व्याख्याता ने प्रशिक्षण की रूपरेखा बताई।

- डाइट बेमेतरा में शुरू हुआ तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण शिविर

उसके बाद डाइट के प्राचार्य श्री घृतलहरे ने कहा कि विज्ञान एक प्रायोगिक विषय है। जिसे बच्चे करके सीखने में अधिक रुचि लेते हैं। अतः विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए हमें प्रायोगिक कार्य पर ज्यादा जोर देना होगा। अतः कक्षा में हम अधिक से अधिक प्रायोगिक कार्य कराएं। प्रायोगिक कार्य करने से उस विषय पर उनकी समझ स्थाई बन जाती है और उस विषय वस्तु को बच्चे फिर कभी नहीं भूलते। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद शिक्षक छात्रों में वैज्ञानिक सोच के साथ सकारात्मक विचार को बढ़ावा दे सकेंगे। डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने कहा कि प्रथम चरण के प्रशिक्षण में दो विकासखण्ड नवागढ़ एवं साजा के 141 विज्ञान विषय पढ़ाने वाले माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं। सभी प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागियों को 10 समूह में विभाजित कर सभी समूह के लिए एक-एक गतिविधियां दी गई। जैसे अपने आसपास में पाए जाने वाले विभिन्न पौधों की पत्तियों का वर्गीकरण आप कैसे करेंगे। विभिन्न पदार्थों में पाए जाने वाले अम्ल एवं क्षार, लवण की पहचान कैसे करेंगे। रोजमर्रा के कार्यों में उपयोग में आने वाले वस्तुओं में विद्युत के चालक और कुचालक वस्तुओं की पहचान कैसे करेंगे। विद्युत धारा का प्रवाह किन-किन वस्तुओं में होता है और किन-किन वस्तुओं में नहीं होता। पहले चरण का प्रशिक्षण 21 से 23 अगस्त तक प्रातः 10:30 से 4:30 तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में आयोजित किया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मंजू साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागांव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अंजली सिंह इस प्रशिक्षण के लिए डीआरजी की भूमिका निभा रहे हैं। जबकि इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डाइट की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे हैं, जो विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रायोगिक कार्य के माध्यम से विज्ञान प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

### मास्टर ट्रेनर्स ने किया समस्याओं का समाधान

मास्टर ट्रेनर्स ने सभी समूह की समस्याओं का मंच से ही समाधान किया गया। फिर पंचतत्व अग्नि, वायु, जल, आकाश और पृथ्वी पर विस्तार से चर्चा कर सभी प्रतिभागियों के विचार जानने का प्रयास किया गया। प्रकाश क्या है और प्रकाश संबंधी एक-एक गतिविधियां सभी समूहों को दी गई। प्रकाश सीधी रेखा में गमन करता है। इसे प्रायोगिक कार्य के द्वारा सभी दिखाया गया। मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू और अंजली सिंह ने विज्ञान क्या है और बच्चों को विज्ञान विषय से हम कैसे जोड़ें, क्या सभी बच्चे विज्ञान विषय में रुचि लेते हैं, इस पर विस्तार से चर्चा की। अंत में निष्कर्ष निकाला गया कि विज्ञान एक प्रायोगिक विषय है जिसे बच्चे करके सीखने में अधिक रुचि लेते हैं।

### यहां से सीखकर अपने स्कूलों में शतप्रतिशत लागू करें : डॉ बंजारे

प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे भी पहुंचे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने विद्यालय से कीमती समय निकालकर इस संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए हैं जब यहां से सीख करके, प्रशिक्षण लेकर के जब आप अपने विद्यालय जाएंगे तो अपने विद्यार्थियों में इसे 100 प्रतिशत लागू करेंगे तभी आपके विद्यालय से अनुपस्थिति की भरपाई हो सकेगी।

## आरएसव्ही कृषि महाविद्यालय में मना गाजर घास उन्मूलन सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बेमेतरा में गाजर घास उन्मूलन सप्ताह मनाया गया। देशभर में 18 अगस्त से 22 अगस्त को गाजर घास उन्मूलन सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

इसी अभियान के तहत कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कृषि महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा गाजर घास की निदाई की गई। इस दौरान महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने गाजर घास को नष्ट करने के विभिन्न रासायनिक एवं जैविक विधियों से अवगत कराया। जिसके अंतर्गत जाइगोग्रामा नामक परजीवी किट के उपयोग कर गाजर घास को खत्म करना बहुत ही अच्छी विधि है। गाजर घास एक वर्ष में तीन बार अपना जीवन चक्र पूरा करता है। एवं इसके 1 पौधे से 10000 से 25000 बीच उत्पन्न होते हैं। इसके पूर्ण नियंत्रण हेतु इसे फूल लगने से पहले की अवस्था में निंदाई करना एवं जाइगोग्रामा परजीवी को खेत में रिलिस करके पूर्ण रूप से उन्मूलन किया जा सकता है।

इस आयोजन का आयोजन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. के.पी. वर्मा, समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. यू.के ध्रुव, कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. साक्षी, बजाज, डॉ. असित कुमार, डॉ. नूतन सिंह, सुनिता सिंह, डॉ. सरिता शर्मा एवं कर्मचारीगण, छात्र-छात्राओं ने सहयोग एवं श्रमदान किया।

### छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार की बनेगी रणनीति

**रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। यहां पर नक्सल प्रभावित राज्यों के समन्वय समिति की बैठक लेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार से संबंधित बैठक में भी शामिल होंगे। सहकारिता मामलों में 25 अगस्त को राज्य के सहकारिता मंत्री और यहां के अधिकारियों से इस क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी लेंगे।

## जायसवाल समाज छिरहा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**दाढ़ी/छिरहा।** जायसवाल समाज छिरहा की मासिक बैठक गुरुवार को समाज के पदाधिकारियों व सामाजिक जनों की उपस्थिति में आयोजित की गई। जायसवाल समाज द्वारा अपने सामाजिक गतिविधियों को गति देने व सामाजिक प्रथाओं को युवा वर्ग में हस्तांतरित करने प्रति माह बैठक की आयोजन किया जाता है। बैठक के दौरान वर्तमान समय मे सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु अतिरिक्त कक्ष की अत्यंत आवश्यकता महसूस करते हुए इसके निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही भगवान सहस्त्रबाहु की मूर्ति स्थापना तथा मंदिर निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई। इसके लिए मंदिर निर्माण समिति बनाई जाएगी, जिसके पदाधिकारियों की घोषणा अगली बैठक में की जाएगी। उक्त बैठक में ग्राम प्रमुख दिनेश जायसवाल, संरक्षक बहल जायसवाल, सहित मुकेश जायसवाल, बद्री सिंह जायसवाल, गिरधर, दुर्गेश, प्रदीप, राजकुमार, सुरेश व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राशन दुकानों को चावल सप्लाई में बरती जा रही लापरवाही

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की कई राशन दुकानों में चावल की सप्लाई प्रभावित है। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर (नान) द्वारा दुकानों की डिमांड के अनुसार चावल सप्लाई नहीं कर रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों के साथ दुकान संचालकों को भी परेशान होना पड़ रहा है। हितग्राहियों को बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, वहीं संचालकों को भी चावल की सप्लाई नहीं होने से नान गोदाम के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यही नहीं, दुकान में चावल नहीं मिलने से कई बार हितग्राही और संचालक के बीच यह विवाद का कारण भी बन रहा है। शहर में ऐसी कई राशन दुकानें हैं, जहां नान अधिकारियों के लापरवाही के कारण चावल का आबंटन समय पर नहीं किया जा रहा है। संतोषीनगर राशन दुकान के संचालक फिरोज खान ने बताया कि उनकी दुकान में भी चावल का स्टॉक खत्म होने वाला था, इसलिए 5 दिन पहले ही चावल आबंटन के लिए डिमांड कर दिया था।

# कांग्रेस सरकार में सहकारिता क्षेत्र की उपेक्षा उसे सुधार कर फिर से प्रभावी बनाएंगे : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक को लेकर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, सहकारिता एक महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ है। सहकारिता क्षेत्र की कांग्रेस सरकार ने उपेक्षा की थी। कांग्रेस का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को खत्म करने का था। भाजपा चाहती है कि सहकारिता प्रकोष्ठ अव्वल दर्जे पर आए। योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रकोष्ठ के सदस्यों से सुझाव मांगा गया है, इसका सहकारिता के क्षेत्र में अमल किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक बुधवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुई। बैठक में जिला संयोजक और प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायतों में पैक्स का विस्तार और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मार्केटिंग सोसाइटियों के उन्नयन और मत्स्य नीति में संशोधन सहित अन्य विषयों पर भी मंथन किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश सहकारिता और वन मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पूरे देश में पैक्स का विस्तार को लेकर 13 अगस्त को दिल्ली में हुई बैठक में तय हुआ है। प्रदेश में हमें पैक्स का विस्तार करके प्रदेश की सभी पंचायतों में सहकारिता का प्रभाव बढ़ाना है। उन्होंने कहा, अभी जितनी समितियां कार्यरत हैं, उन्हें प्रदेशव्यापी स्वरूप देना होगा, इसके लिए प्रदेश सरकार सहकारिता नीति पर भी विचार कर रही है।

### जिलाध्यक्षों से चर्चा कर बनाएं रूपरेखा- किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, सहकारिता का विषय बहुत व्यापक है। सहकार से समग्र विकास की कल्पना केंद्र सरकार ने की है, इसमें सहकारिता को बहुउद्देश्यीय स्वरूप दिया जा रहा है। केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में पैक्स के विस्तारीकरण पर बल दिया है, इस दृष्टि से सरकार के साथ ही सहकारिता प्रकोष्ठ का दायित्व ज्यादा गंभीर है। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता क्षेत्र की जो दुर्दशा की थी, उसे सुधारकर सहकारिता के क्षेत्र को पुनः प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने मोर्चा के साथ-साथ प्रकोष्ठों की प्रभावी भूमिका की सराहना करते हुए कहा, जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा करके पैक्स के विस्तारीकरण की रूपरेखा तय करें।

### सहकारिता समितियों का जाल

सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा, केन्द्र में जब से पृथक सहकारिता मंत्रालय का गठन हुआ है तब से देश के कोने कोने में सहकारी समितियों का जाल बिछ रहा है। कृषि व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सहकारिता एकमात्र ऐसा आंदोलन है जिसके माध्यम से समृध्दि को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा लैम्प्स, पैक्स के आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए 25 से अधिक नए क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बनेंगे। लगभग सभी राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश ने केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा निर्मित आदर्श उपविधियों को अपना लिया है।

## बाकी बचे आवेदनों का परीक्षण करने के बाद जल्द करेंगे निराकरण : साव

# निकायों में सबसे अधिक शिकायतें पीएम आवास, पानी और सड़क की, हजारों का निराकरण भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्यभर में चलाए गए जनसमस्या निवारण शिविरों में सबसे अधिक मामले पीएम आवास, पेयजल, सड़क व नाली मरम्मत तथा निर्माण कार्य से संबंधित आए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने इस संबंध में मीडिया से चर्चा करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह के हजारों मामलों का निराकरण मौके पर शिविर के दौरान कर दिया गया है। अन्य मामलों में आवेदनों का परीक्षण कर जल्द समाधान किया जाएगा।

### पीएम आवास के साढ़े 17 हजार आवेदन

जनसमस्या निवारण शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 17 हजार 512 आवेदन मिले जिनमें से 1181 का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर स्थल पर ही हितग्राहियों को पात्रतानुसार नए आवास की स्वीकृति, आवास आवेदन की त्रुटियों का निराकरण, किस्त का भुगतान तथा अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में कार्यवाही की गई। पेयजल समस्या से जुड़े 5573 आवेदनों में से 1233 का शिविर में ही समाधान किया गया। इस दौरान लोगों की मांग एवं शिकायत के अनुसार नए नल कनेक्शन, पाइपलाइन का विस्तार, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को निराकृत किया गया।



### कचरा संग्रहण, नाली, सफाई की शिकायतें

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नाली सफाई, पानी निकासी तथा साफ-सफाई से संबंधित शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया गया। नगरीय निकायों की टीम द्वारा कचरा एकत्रीकरण एवं उठाव से संबंधित 1796 आवेदनों में से 1127 को शिविर स्थल पर ही निराकृत किया गया। शिविरों में निराश्रितों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन में आ रही समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कर पेंशन की राशि प्रदान की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी प्राप्त 2263 आवेदनों में से निकाय स्तर के 570 आवेदनों को तत्काल निराकृत किया गया। शेष आवेदनों के परीक्षण की कार्यवाही जारी है।

**सड़क व नाली मरम्मत तथा निर्माण : 17 हजार 655 आवेदन:** नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में सड़क व नाली मरम्मत तथा निर्माण कार्य से जुड़े 17 हजार 655 आवेदनों में से 809 आवेदनों को तत्काल स्वीकृत कर सड़क और नाली मरम्मत के कार्य किए गए। शेष मांगों के अनुरूप नई नाली और सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। नवीन निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्ताव स्थल चयन तथा जांच के उपरांत निकाय के माध्यम से शासन को भेजे जाएंगे। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान शिविर स्थल पर ही संपत्ति कर के भुगतान की सुविधा मुहैया कराई जा रही थी। नए भवनों के संपत्ति कर एवं संपत्ति निर्धारण संबंधी शिकायतों के निराकरण के साथ ही इनसे संबंधित 642 आवेदनों में से 380 को मौके पर ही निराकृत किया गया।

### नियमितीकरण की मांग आई सामने

शिविर स्थल पर ही संपत्ति के नामांतरण, नए भवन निर्माण की स्वीकृति तथा नियमितीकरण संबंधी मांगों का यथासंभव निराकरण किया गया। इनसे जुड़े 1117 आवेदनों में से 58 का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदन जिला कार्यालय या नगर निवेश से संबंधित होने के कारण इन विभागों के समन्वय से निराकृत किए जाएंगे। वार्डवार आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में नए राशन कार्ड का वितरण, राशन कार्ड में त्रुटि सुधार एवं पात्रतानुसार बीपीएल, एपीएल राशन कार्ड बनाकर आवेदकों को दिए गए। राशन कार्ड से संबंधित 21 हजार 701 आवेदनों में से 11 हजार 541 मौके पर ही निराकृत किए गए। शेष आवेदनों का परीक्षण कर शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### निकायों को 8 माह में मिले 1250 करोड़

श्री साव ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार गठित होने के शुरुआती 8 महीनों में ही नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए 1250 करोड़ रुपए दिए गए हैं। नगरीय निकायों को जल्द मिलने वाली 900 करोड़ रुपए को मिलाकर हमारी सरकार द्वारा शहरों के विकास के लिए मुहैया कराई जाने वाली राशि 2150 करोड़ रुपए पहुंच जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार के पास राशि की कमी नहीं है। सभी नगरीय निकायों के लिए उनकी मांगों और जरुरतों के मुताबिक राशि स्वीकृत की जा रही है।

